## एक नजर में

### आलोट की दो दुकानों पर लाइसेंस नहीं पाए जाने पर कार्रवाई



**रतलाम/आलोट।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं ओषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावट के विरुद्ध करवाई लगातार जारी है। शनिवार को भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा द्वारा आलोट क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए ग्राम दुधिया में स्थित महाकाल मावा भट्टी से मावा के नमूने लिए गए।शंकरजी रोड़ आलोट स्थित धानगढ़ किराना से पोहा, तुवर दाल,चावल एवं पोरवाल किराना से डबल गुलाब चायपत्ती के नमूने लिए गए। इन दोनों ही किराना दुकानों के लाइसेंस नहीं पाए जाने पर बिना लाइसेंस का प्रकरण तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कुंवार पंचमी पर दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन संपन्न

**रतलाम।** शुक्रवार को पितृपक्ष की कुंवारी पंचमी पर वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति द्वारा नगर के दिव्यांग बच्चों और वृद्धजनों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पोलो ग्राउंड स्थित मूक बधिर विद्यालय और लायंस क्लब संचालित ज्ञानदीप दृष्टिहीन विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों तथा अन्नपूर्णा वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजनों के लिए रखा गया। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने बताया कि समिति की महिला मंडल की सदस्यों द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार, मिठाई और चॉकलेट भी वितरित की गई। आयोजन में दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, महावीर सिंह शक्तावत, कैलाश सोमानी, रामबाबू यादव, श्याम सुंदर उपाध्याय, शंभूलाल पाटीदार, महेश ओझा, महेश शर्मा, गोवर्धन सिंह देवड़ा, नारायण पाटीदार, ईश्वर बोराना, राजकुमार हाड़ा, अतिथि राठौर सहित महिला मंडल की प्रमुख श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, सोनू राठौर, जया सोनी, प्रियंका पाटीदार, कोकिला ओझा, सुनीता पाटीदार, शीतल सक्सेना, रेखा राठौड़, रेखा शर्मा, अनीता अग्रवाल, सरोज सोनी एडवोकेट, नीतू व अन्य समाजसेवियों ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया।

### पूनमचंद चौहान जयस भील एकता मिशन के जिला अध्यक्ष बने



**सैलाना।** जयस भील एकता मिशन ने पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रम चारेल के इस्तीफा देने के बाद संगठन के संस्थापक अध्यक्ष कमलेश्वर डोडियार की मंशानुसार ब्लॉक इकाइयों की सहमति से वकील पूनम चंद चौहान को रतलाम जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। पूनम चंद चौहान, सेलेज (तहसील रावटी) के निवासी हैं, उनके जनहितों के प्रति समर्पण और अभिरुचि को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जो भील समुदाय के उत्थान और एकता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संस्थापक अध्यक्ष कमलेश्वर डोडियार ने इस नियुक्ति पर श्री चौहान को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन नए आयाम छूते हुए जनहित के मुद्दों पर सक्रियता बढ़ेगी।

### आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय ब्लॉक प्रोसेस लैब प्रशिक्षण संपन्न



**रतलाम।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय ब्लॉक प्रोसेस लैब 12 सितंबर एवं 13 सितंबर को जिले के चार ब्लॉक सैलाना, बाजना, पिपलौदा एवं रतलाम ग्रामीण में आयोजित की गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग रंजना सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय में शासन की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाना है। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, आयुष विभाग ,जनजातीय कार्य विभाग , सहकारिता विभाग , खाद्य सुरक्षा विभाग , कृषि विभाग , आपूर्ति विभाग, पशुपालन,मत्स्यपालन, सीएसओ/एनजीओ आदि को प्रशिक्षण दिया गया।

### जावरा की बेटी बबली गंभीर ने बिखेरा जादू, बनीं नारी सशक्तिकरण



**जावरा।** संघर्ष को ताक़त बनाकर जीवन की हर बाधा को मात देने वाली जावरा की सुश्री बबली गंभीर ने एक बार फिर अपने जज्बे और हौसले का परिचय दिया है। गुड़गांव में आयोजित हाउस ऑफ डी-मास्क के विशेष फैशन शो में उन्होंने प्रसिद्ध मॉडल दिनेश मोहन के साथ रैंप वॉक कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उन्हें एक इंस्पीरेशनल मॉडल (प्रेरक मॉडल) के रूप में आमंत्रित किया गया था, ताकि वे अपनी कहानी से अन्य महिलाओं को भी हिम्मत और आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। छोटे-छोटे हाथ होने जैसी शारीरिक चुनौती के बावजूद उन्होंने ब्यूटीशियन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर समाज में अलग पहचान बनाई है। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास को देखते हुए उन्हें विगत वर्षों में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं। इतना ही नहीं, उनकी प्रेरक यात्रा के लिए उन्हें भारत के राष्ट्रपति के हाथों भी सम्मान प्राप्त हो चुका है। सुश्री बबली गंभीर की यात्रा से सशक्तिकरण की मिसाल बन गई है।

### आज करेगा भारत विकास परिषद राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

**जावरा।** रविवार को सरस्वतीपुरम पहाडिया रोड पर भारत विकास परिषद समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इस प्रतियोगिता में जावरा शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी राष्ट्रीय गीतों एवं हिंदी-संस्कृति आधारित गीतों की समूह मे प्रस्तुति देंगे। संस्था अध्यक्ष पप्पूसिंह राठौर ने बताया, प्रकल्प प्रभारी उमेश अरोड़ा एवं पप्पू शर्मा के नेतृत्व में विद्यालयों से संपर्क कर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता हेतु तैयार किया गया है। विद्यार्थी लंबे समय से इस कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं और मंच पर अपनी देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ देंगे। शाखा स्तर की इस प्रतियोगिता में जो भी विद्यालय प्रथम आएगा उनको मध्य भारत प्रांत में आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता मैं सम्मिलित होगी। इस अवसर पर संस्था द्वारा हिंदी दिवस भी मनाया जाएगा। संस्था के जो भी सदस्य हिंदी में हस्ताक्षर करते हैं ऐसे सदस्यो को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# प्रभावित हर खेत का सर्वे करवाएं : प्रभारी मंत्री डॉ . शाह

**अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति के संबंध में जिले में प्रभारी मंत्री ने बैठक ली**

**मंत्री बोले : कालेज एवं जिला चिकित्सालय में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं दे**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मंत्री डॉ.कुंवर विजय शाह ने जिले मे अतिवृष्टि एवं सोयाबीन फसल पर पीला मोजेक से हुई क्षति के संबंध में एवं जिले से संबंधित अन्य विशेष मुद्दों पर कलेक्टर, एस पी सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव,नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ शाह ने निर्देश दिए कि जिले में अतिवृष्टि एवं पीला मोजेक से हुई फसल क्षति का सर्वे करवायें। जिले के सभी गांव और सभी खेतों का सर्वे होना चाहिए। किसानों को राहत राशि भी नियमानुसार उपलब्ध करवाने की कार्यवाही करें।

#### व्यवस्थाओं को सतत निरीक्षण करवाए

जिले के मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में आमजन को सरकार की मंशा अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना शासन का दायित्व है, व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए एडीएम /एस डी एम/ तहसीलदारो से सतत निरीक्षण करवायें। सभी कार्यालयों में शासकीय सेवकों को तनाव मुक्त, स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवायें जिससे शासकीय सेवक अच्छे से और मन लगा के काम कर सके। बैठक में पुलिस को जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं थानो पर पुलिस जवानों के लिए तनाव मुक्त वातावरण में काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## ऐतिहासिक महोत्सव के रुप में मनेगा पीएम का जन्मदिन : मंत्री काश्यप




**सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर जिला बैठक संपन्न**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75 वां जन्मदिन मध्यप्रदेश की धरती पर मनेगा, यह हम सब के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। देश में प्रधानमंत्री कई बने है, लेकिन मोदी जी जैसा कोई नहीं रहा उन्होंने हर क्षेत्र में भारत को ऊंचाइयों दी है। मोदीजी का जन्मदिन जनता ऐतिहासिक महोत्सव के रूप में मनाएंगी।

यह बात एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। वे रंगोली सभागार में 17 सितम्बर को होने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी के दौरे की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। इस दौरान संभाग प्रभारी जीतू जिराती, जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चंद्रवंशी, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया एवं संगीता चारेल मंचासीन रहे।

कार्यक्रम संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने बैठक में बताया कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री मोदी रतलाम के पास बदनावर क्षेत्र के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का भूमि पूजन करने आ रहे हैं। मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि 2100 एकड़ जमीन में बनने वाले पार्क के लिए 600 करोड़ की स्वीकृति हो गई है। इस पार्क में टेक्सटाईल उद्योग आएंगे और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्योगों को बढ़ावा देने के लगातार कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 60 से अधिक एमओयू भी किए हैं। रतलाम के निवेश क्षेत्र और भैंसोला के मित्र पार्क सहित 400 एकड़ में उद्योगों के लगने पर एक नई क्रांति आएगी और प्रदेश में टेक्सटाईल का नया हब बनेगा। इससे मालवा के विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर अधिक से अधिक जन सहभागिता करने का आव्हान किया। इससे पूर्व संभाग प्रभारी श्री जिराती ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इसमें 15 प्रकार के आयोजन होंगे। प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मध्यप्रदेश में मनना सबके लिए सौभाग्य की बात है। वे पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ कर एक बड़ी सौगात देंगे और 'स्वस्थ नारी, सशक्त नारी' अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को अनुष्ठान के रुप में लें और अधिक से अधिक जन सहभागिता करें।

बैठक के आरंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि रतलाम से प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 10,000 से अधिक लोग भैंसोला जाएंगे। उनके आने-जाने का प्रबंध मंडल स्तर पर किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से इस दौरान अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्री कटारिया ने किया, आभार श्रीमती चारेल ने माना।



## श्रावक के जीवन में व्रत व नियम बहुत जरूरी : डॉ संयमलता मसा

**रतलाम।** वह अमृत ही क्या जिसके पीने से व्यक्ति मर जाये। वह सूर्य ही क्या जो अंधेरा फैलाए। वो समुन्द्र ही क्या जिसमें गम्भीरता न हो ओर वो श्रावक ही क्या जिसमे जीवन में व्रत नीयम न हो। उक्त विचार जैन स्थानक नीमचौक मे आयोजित धर्मसभा मे जैन दिवाकरीय महासाध्वी संयमलता म.सा. ने व्यक्त किए। आपने फरमाया की व्यय एवं अपव्यय जिस कार्य से आत्मा दण्डित होती है उसे अनर्थ दण्ड कहते है। काम विकार करने वाली कथा की हो, कुचेष्टा की हो, गलत शब्द, गाली गलोच, निंदा करना की हो, मन वचन काया तीनों से अनर्थ दण्ड लगता है। श्री संघ मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने बताया की रविवार को ज्योतिषाचार्य मालवरत्न कस्तूरचंद म सा की पुण्य दिवस ओर मालव सिंहनी कमलावती म सा की जन्मयंती पर गुणानुवाद सभा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सामायिक के धर्मचक्र का आयोजन रखा गया है जिसमें 2/3/4 सामायिक करना है। इस अवसर पर श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल द्वारा 19 वे रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। मंडल अध्यक्ष आशीष कटारिया ने सहयोग कर रक्तदान का आव्हान किया। साथ हि प्रवचन सभा के बाद कमला ट्रॉफी प्रश्न मंच संपन्न हुआ,जिसमे प्रथम स्थान आरती मण्डलेचा, सोनु बोथरा, परिधि धाकड़, द्वितिय स्थान पिस्ता कटारिया, प्रियांशी कटारिया, मंजू सुराणा एवं तृतीय स्थान स्नेहलता वोरा, सोनिका मेहता, प्रीति मूणत का रहा। मंच मे 40 टीमों ने सहभागिता की। अंत में पुरूकार दिए।




## पुलिस ने सीएम हेल्पलाइन एवं थाने पर प्राप्त शिकायतों का कैंप लगाकर किया समाधान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को सीएम हेल्पलाइन एवं थाने पर प्राप्त शिकायत आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शिकायतों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अति पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों पर ऑनलाइन समाधान एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समय समय पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। थाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता को बुलाकर शिकायत सुनकर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी अनुभागों पर पिछले 1 माह में कुल 783 सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 636 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। आगे भी थाना स्तर पर कैंप का आयोजन कर शेष शिकायतों का निराकरण जारी है।

### अभा ऑनलाइन खेल ज्ञान परीक्षा आज होगी

**रतलाम।** क्रीड़ा भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा रविवार को होगी। इस ऑनलाइन परीक्षा में रतलाम के 6 हजार से अधिक परीक्षार्थी सहभागिता करेंगे। परीक्षा प्रातः 5 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। इसमें परीक्षार्थी को 25 मिनट में 50 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। विजेताओं को चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर के समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर क्रीड़ा भारती द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जन सामान्य में खेलों के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष क्रीडा ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। परीक्षार्थी घर पर क्रीड़ा भारती की वेबसाइड पर टेक्सट मैसेज के माध्यम से प्राप्त आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर परीक्षा दे सकेंगे।

## यातायात नियमों एवं राहवीर योजना के प्रति बच्चों और नागरिकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। एसपी अमित कुमार के मार्गदर्शन में, एएसपी राकेश खाखा एवं सीएसपी आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में जिलेभर में यातायात नियमों के पालन, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन न चलाने की समझाइश एवं राहवीर योजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए गए, जिनमें स्कूली बच्चों एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का महत्व तथा दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा में टीआई नामली रमेश कोली एवं पुलिस स्टाफ ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी और नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने हेतु प्रेरित किया।

**सीएम राइस स्कूल :** पुलिस टीम द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्ति की समय पर मदद करने का महत्व बताया गया।

**शा. विद्यालय में:** उप निरीक्षक कैलाश जोशी, सउनि. मोहम्मद यूनुस एवं उप निरीक्षक अलकेश सिंगाड ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था में बच्चों की जिम्मेदारी समझाई।

#### अभियान के उद्देश्य

बच्चों एवं नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकना। राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए समाज में संवेदनशीलता एवं जागरूकता पैदा करना। रतलाम पुलिस का यह प्रयास सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहभागी बनाने की दिशा में लगातार चलाया जाएगा।

### विद्यार्थी हर कार्य से पहले करें चिंतन

**जावरा।** सांदीपनी महात्मा गांधी शासकीय उत्कृष्ट उमावि में उमंग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. विद्या तिवारी ने कहा कि वर्तमान ही भविष्य का निर्माण करता है, विद्यार्थीगण हर कार्य करने के पूर्व यह चिंतन जरुर करें कि इस कार्य के परिणाम का उनके भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा या नकारात्मक। इस अवसर पर कारपोरेट मोटीवेटर एवं अंग्रेजी भाषा विशेषज्ञ प्रो. शैलेन्द्र चौरसिया ने कहा कि सफलता क्षणिक एवं सामायिक होती है, असफलता मार्गदर्शक होती है, आत्मविश्वास तथा तटस्थता फायम रखे, सतत प्रयत्नशील रहें, लक्ष्य से न भटके, उज्जवल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। विशेष अतिथि बीआरसी चंद्रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जीवन कौशल उमंग पर आधारित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उमंग नोडल शिक्षक विभा जैन ने उमंग के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार बोस ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

**खुलासा** चार कंजरो से चुराया गया एसी, गीजर और फ्रिज जब्त

## सांसद प्रतिनिधि के फार्म हाउस पर हुई चोरी ट्रेस करने में 6 थानों की पुलिस जुटी



**नवभारत न्यूज़**

**जावरा।** सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी के ताल रोड स्थित फार्म हाउस पर हुई चोरी के बाद पुलिस चोरों को ढूंढने में सक्रिय दिखी। छैथनों की पुलिस ईस्ट चोरी को ट्रेस करने में जुट गई। 15 दिन में पुलिस ने चोरों को घेर लिया और पूरे मामले का खुलासा भी शनिवार को सीएसपी ऑफिस में कर दिया। चार कंजरो से चुराया गया एसी, गीजर और फ्रिज भी पुलिस ने जप्त कर लिया। बताते चले की फरियादी महावीर जैन पिता महेन्द्र कुमार जैन उम्र 45 साल सुगनश्री कालोनी ने 29 अगस्त को आईए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम 19.30 से 22.10 बजे के बीच अज्ञात आरोपी द्वारा प्रदीप चौधरी के फार्म हाऊस मे घुसकर फार्म हाऊस मे रखा एसी , फ्रिज , गीजर चोरी कर ले जाने बताया। थाना औद्योगिक पुलिस ने सांसद प्रतिनिधि की रिपोर्ट तुरंत विभिन्न धाराओं में बीएनएस पंजीबध्द किया। फिर जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देशो के पालन मे अति.पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व जावरा नगर पुलिस अधीक्षक युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी हुसैन टेकरी के साथ टीम का गठन किया गया। जो टीम द्वारा लगातार अज्ञात आरोपीयो की हर पहलु पर तलाश की गयी। तकनीकी संसाधनो के आधार पर कंजर डेरा उखेडिया के चार कंजरो द्वारा घटना कारीत करना पाया गया। चारो कंजरो को गिरफ्तार कर सामान जब्त करने टीम ने सफलता पायी।

**इन 6 थानों की रही सराहनीय भुमिका:** थाना औद्योगिक क्षेत्र थाना निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान, उनि. कुलदीप पटेल, शिवेन्द्र कुमार, स.उ.नी रावजी डामर, सीएल हाड़ा, प्रआर.दिलीप शर्मा, हेमन्त लिंबोदिया, प्रआर संजय आजंना , प्रआर कमल नावडे; आर बालकृष्ण, सुनिता, कोशल्या धनगर , हरदीप जाट, दीपराज, मनोज डाबी, कमलेश डांगी, गोविन्द पंवार, अभीजित सिंह, आर हीरालाल डांगी, अर्जुन प्रजापत, सतपालसिह, शादाब सैनिक दिलीपसिंह, सैनिक महेन्द्रसिंह, थाना पिपलोदा उनि. रुपसिंह शक्तावत, मनीष तावड़, सैनिक लोकेन्द्रसिंह,थाना रिंगनोद - सउनि. कमलेश सीनम, थाना कालुखेडा -आर. मनोहर गायरी, नितीन जोशी, थाना जावरा शहर सउनि. रविन्द पुरोहित अभय चौहान,आर. नागेन्द्र सिंह, प्रकाश मुजाल्दे, आर. पंकज, थाना बडावदा के प्रआर. राजेश पानोला, गोपाल के साथ सायबर सेल के प्रआर मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, हिम्मतसिंह, आर विपुल भावसार, तुषार सिसोदिया का विशेष सहयोग रहा।

#### दो आरोपियों पर दर्जनों प्रकरण है दर्ज

विष्णु (27) पिता भुजिया सिसौदिया जाति कंजर नरेश (40) पिता नागर हाजा जाति कंजर, अम्बाराम (24) पिता नागर हाडा जाति कंजर, विशाल (22) पिता भुजिया कंजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सभी आरोपी उकेडिया निवासी है। इसी तरह आरोपी विष्णु पर थाना औ. क्षैत्र जावरा मे धारा 323, 294,506 भादवि, धारा 331(4) ,305 बीएनएस मैं प्रकरण दर्ज है। वही थाना कालूखेडा मे धारा, 457,380 मे रिपोर्ट दर्ज है। इसी तरह नरेश पिता नागर हाडा जाति कंजर उम्र 40 साल नि. उकेडिया पर थाना औद्योगिक थाना जावरा पर 34 आब. एक्ट, 382 भादवि, 379 भादवि, 399, 402 भादवि व 25,27 एव 331(4) ,305 बीएनएस मे प्रकरण दर्ज है।